**बुधवार**
17 अगस्त 2022



**पृष्ठ 4**

**कीवी फल खाने से स्किन की खोई हुई चमक वापस आ जाएगी!**



**पृष्ठ 5**

**दक्षिण भारतीय लहजे में हिंदी बोलने के कारण बॉलीवुड के प्रस्ताव ठुकरा दिए : नागा चैतन्य**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 190
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई.- 59626/94

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

लोकतंत्र के पौधे का, चाहे वह किसी भी किस्म का क्यों न हो तानाशाही में पनपना संदेहास्पद है।

– जयप्रकाश नारायण

# घर पहुंचा शहीद का पार्थिव शरीर, सीएम ने किये श्रद्धा सुमन अर्पित



हमारे संवाददाता

नैनीताल। 38 साल पहले शहीद हुए लांसनायक चंद्रशेखर हरबोला का पार्थिव शरीर आज उनके आवास हल्द्वानी लाया गया। जहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किये वहीं शासन प्रशासन के अधिकारियों व हजारों की संख्या में लोगों द्वारा उन्हे श्रद्धांजलि दी गयी। हालांकि इस दौरान उनके परिवार के सदस्यों को शहीद का चेहरा नहीं देखने दिया गया। जिनका अंतिम संस्कार देर शाम तक पूरे राजकीय सम्मान के साथ रानीबाग स्थित चित्रशाला घाट पर किया जायेगा।

बता दें कि 29 मई 1984 को सियाचिन में 'आप्रेशन मेघदूत' के दौरान लांस नायक चंद्रशेखर हरबोला एवलांच में शहीद हो गये थे जिनका पार्थिव शरीर 38 साल बाद सेना ने खोज निकाला और आज उनके आवास पर सेना जब उनका पार्थिव शरीर लेकर पहुंची तो

**❑परिवार के सदस्यों को नहीं देखने दिया शहीद का चेहरा**

वहां मौजूद हजारों की संख्या में लोगो ने पहुंच कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी उनके आवास पर पहुंच कर उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किये। शहीद की दो पुत्रियां व पत्नी शांतिदेवी है, जिनका इस अवसर पर रो-रो कर बुरा हाल था।

विदित हो कि दुनिया के सबसे दुर्गम युद्धस्थल सियाचिन ग्लेशयर पर कब्जे की सूचना पर आप्रेशन मेघदूत के तहत

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# जहां प्रधानमंत्री ने लगवायी थी लाईटें, आज है वहां अंधेरा

संवाददाता

देहरादून। एक युवती के पत्र पर प्रधानमंत्री ने जिस जंगल में लाईटें लगवा दी थी, वर्तमान में वहां अंधेरा ही अंधेरा है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से लेकर सीएम तक गुहार लगा दी लेकिन कहीं सुनवायी नहीं हो रही है। जो काफी दुर्भाग्य की बात है।

गौरतलब है कि जाखन से जोहडी गांव की तरफ जाने वाले रास्ते में चढाई खत्म होते ही जंगल शुरू हो जाता है। यह जंगल नशेडियों, भंगेडियों के लिए स्वर्ग की तरह है। यहां पर जंगल के अंदर बैठकर वह अपने नशे की पूर्ति करते हैं तथा अंधेरा तो मानों इनके लिए वरदान साबित होता है। अंधेरे में इनको देखने वाला कोई नहीं होता और आम आदमी वहां रूकने की जरूरत तक नही करता है।

लगभग दो वर्ष पूर्व एक युवती ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र लिखकर सारी व्यथा लिख दी थी। जिसको काफी गम्भीरता से लेते हुए प्रधानमंत्री की पहल पर वहां पर लाईटें लगवायी गयी थी। जिससे वह जंगल का इलाका रोशन हो गया और आम जन को वहां से गुजरने में कोई परेशानी नहीं होने लगी थी। अब वह जगह नशेडियों व असामाजिक तत्वों के लिए खतरा बन गयी थी तथा वह खुलेआम अब कुछ भी कर पा रहे थे। इसी दौरान नशेडियों की मुराद पूरी हो गयी और वहां लगी लाईटें खराब हो गयी तथा एक बार फिर से वहां पर अंधेरे का राज कायम हो गया। ग्रामीणों ने इस बात की शिकायत स्थानीय स्तर पर कई बार विभागीय अधिकारियो से की लेकिन अधिकारियों ने एक कान से सुनी दूसरे कान से निकाल दी। इसके बाद कुछ जागरूक ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोटर्ल पर भी डाल दी लेकिन वहां भी कोई सुनवायी होती नहीं दिखायी दी।


अब सोचने वाली बात है कि जहां प्रदेश सरकार मोदी के सपनों को साकार करने के लिए कटिबद्ध दिखायी दे रही है वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस जगह को गुलजार किया था वहां वर्तमान में अंधेरा छा रखा है इसकी तरफ किसी का ध्यान क्यों नही जा रहा यह अपने आप में सोचने की बात है।

# देश में 24 घंटे में दर्ज हुए कोविड-19 के 9 हजार नए केस

नई दिल्ली । भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 9 हजार नए केस दर्ज हुए हैं। वहीं इस दौरान कोविड-19 से ठीक हुए लोगों की संख्या 15 हजार से ज्यादा रही। देश में मौजूदा एक्टिव केस की संख्या भी 1 लाख से ज्यादा बनी हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा बुधवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 9,062 नए मामले सामने आने के बाद अब तक का संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 44,286,256 तक पहुंच गया है। वहीं इस दौरान ठीक होने वाले लोगों की संख्या 15,220 रही, जिसके बाद कोरोना संक्रमण से ठीक होने वाले लोगों का आंकड़ा बढ़कर 4,36,54,064 हो गया। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 36 और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या 5,27,134 पर पहुंच गयी है। इसमें केरल द्वारा पुनर्मिलान किए गए मौत के छह मामले भी शामिल हैं। एक्टिव केस की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.24 प्रतिशत है। कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.57 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, कोविड-19 के एक्टिव केस की संख्या में बीते 24 घंटे में 6,194 की गिरावट दर्ज की गयी है। संक्रमण की दैनिक दर 2.49 प्रतिशत और सप्ताहिक संक्रमण दर 4.38 प्रतिशत दर्ज की गयी है। देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक 208.57 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी है।

# एलजी मनोज सिन्हा ने आईटीबीपी जवानों के पार्थिव शरीर को दिया कंधा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने पुष्पांजलि समारोह के बाद आईटीबीपी जवानों के पार्थिव शरीर को कंधा दिया। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में कल बड़ा हादसा हुआ था। इस हादसे में सात जवानों की मौत हो गई थी, जबकि 30 जवान घायल हुए थे। इससे पहले सिन्हा ने आईटीबीपी जवानों के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि भी अर्पित की थी। मालूम हो कि कल के बस हादसे में शहीद जवानों की पहचान हेड कांस्टेबल दुला सिंह (तरन तारन, पंजाब), कांस्टेबल अभिराज (लखीसराय, बिहार), कांस्टेबल अमित कुमार (एटा, यूपी), कांस्टेबल डी। राज शेखर (कडपा, आंध्र प्रदेश), कांस्टेबल सुभाष बैरवाल (सीकर राजस्थान), कांस्टेबल दिनेश बोहरा (पिथौरागढ़, उत्तराखंड) और कांस्टेबल




संदीप कुमार (जम्मू संभाग) के रूप में की गई थी। इसके साथ ही जिन जवानों की हालत गंभीर बनी हुई थी, उन्हें अनंतनाग जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार प्रदान करने के बाद हेलीकाप्टर के जरिए श्रीनगर सैन्य अस्पताल ले जाया गया था, फिलहाल जहां उनका इलाज चल रहा है।

पुलिस के अनुसार जम्मू-कश्मीर पुलिस की बस में सवार ये जवान जब चंदनबाड़ी से पहलगाम की ओर निकले तो रास्ते में पहलगाम मार्ग पर स्थित फ्रिसलन के पास बस ड्राइवर वाहन से नियंत्रण खो बैठा। ऐसा बताया जा रहा है कि बस का ब्रेक फेल हो गया था। ड्राइवर बस की स्पीड पर काबू नहीं पा सका और बस खाई में जा गिरी। बस लिद्दर नदी के किनारे गिरी। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग बचाव कार्य के लिए खाई में उतर गए थे।

घटना के बाद आइटीबीपी के दूसरे जवानों ने पुलिस व सेना को भी सूचित कर दिया था। बस में सवार सभी घायल जवानों को मुख्य सड़क तक लाया गया था और वहां से उन्हें अनंतनाग जिला अस्पताल पहुंचाया गया था। घायल 30 जवानों का इलाज अभी भी चल रहा है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# उत्तराखण्ड को 2025 तक ड्रग्स मुक्त करने की मुहिम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा आगामी तीन वर्षो के भीतर उत्तराखण्ड को ड्रग्स मुक्त करने की मुहिम छेड़ दी गयी है। हालांकि पुलिस महकमा इस मुहिम की सफलता में कितना कारगर रहता है यह तो समय ही बता सकेगा। लेकिन इसे प्रदेश का दुर्भाग्य ही कहा जा सकता है कि उत्तराखण्ड में ड्रग्स का कारोबार बड़े पैमाने पर अपने पांव पसार चुका है, राज्य गठन के साथ ही अन्य कारोबारों की तरह उत्तराखण्ड में नशे का कारोबार भी बड़े पैमाने पर पनपा। हालांकि पुलिस प्रशासन द्वारा शुरू में इस ओर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया। जिसका फायदा नशा कारोबारियों ने उठाया और उन्हे स्कूल, कालेज सहित अन्य शिक्षण संस्थानों में इस कारोबार को फैलाने में सफलता मिली। बीते समय में ज्यादातर अपराध इस नशे के कारण ही हुए है, ऐसा पुलिस का मानना है। खास बात यह है कि पिछले कुछ वर्षो में युवाओं और बच्चों में नशे की लत इस कदर बढ़ चुकी है कि 80 फीसदी युवा व बच्चे इसकी चपेट में आ चुके है। जबकि सालों से शासन-प्रशासन में बैठे लोग इस सच को जानते है लेकिन वह फिर भी आंखे मूंदे बैठे है। होटल, बार, स्कूलों व कालेजों तथा होस्टलों तक नशे का यह कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। जो भी युवा एक बार इसके दायरे में आ गया उसका इससे निकल पाना संभव नहीं है। बताया जाता है कि अकेले राजधानी देहरादून में ड्रग्स का करोड़ो का कारोबार है। जितना कारोबार शराब से होता है उसके अधिक ड्रग्स से होता है और इसकी चपेट में आकर कई परिवार तबाह होते है। ऐसे में अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्तराखण्ड को 2025 तक ड्रग्स मुक्त करने की मुहिम छेड़ देना वाकई बड़ी बात है। लेकिन राज्य को ड्रग्स मुक्त करने के लिए पुलिस प्रशासन को भी अब सचेत होना पड़ेगा, तब कहीं जाकर राज्य 2025 तक ड्रग्स मुक्त हो सकेगा।

# आतंकवादी के घर को कुर्क करेगी पुलिस

जम्मू । जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को कहा कि शोपियां में स्थानीय कश्मीरी पंडित की हत्या करने वाले आतंकवादी के घर को वह कुर्क करने जा रही है। मंगलवार को जिले के छोटिगम गांव में आतंकियों ने अर्जुन नाथ के बेटे सुनील कुमार और उसके भाई पीतांबर उर्फ पिंटो पर फायरिंग की थी। कश्मीर पुलिस के सूत्रों ने बताया कि आतंकी आदिल अहमद वानी का घर कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है और उसके परिजनों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

इस हत्याकांड की व्यापक रूप से निंदा हो रही है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, पूर्व मुख्यमंत्रियों गुलाम नबी आजाद, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, अपनी पार्टी के अल्ताफ बुखारी, पीपुल्स कॉन्फ्रें स के सज्जाद लोन, अपनी पार्टी के गुलाम हसन मीर और अन्य कई नेताओं ने हत्या की निंदा की और आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मंगलवार को गांव के लोगों ने सुनील कुमार के निधन पर शोक जताया और उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के छोटिपोरा इलाके में मंगलवार को एक बाग में नागरिकों पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की। जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिसकी पहचान सुनील कुमार के रूप में हुई। वहीं इस हमले में उसका भाई पिताबंर भी घायल हो गया। आतंकवादियों द्वारा कश्मीरी पंडित की हत्या की सभी पार्टी के नेताओं ने निंदा की।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी आतंकवादियों द्वारा कश्मीरी पंडित की हत्या की निंदा की। उपराज्यपाल ने एक ट्वीट में कहा कि शोपियां में नागरिकों पर हुए घृणित आतंकी हमला शब्दों से परे है। मेरी संवेदनाएं सुनील कुमार के परिवार के साथ हैं। मैं घायल सदस्य के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। यह हमला सभी की ओर से कड़ी निंदा का पात्र है। बर्बर हत्या के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# कांग्रेस के पूर्व नेता नरेश रावल और राज्यसभा के पूर्व सदस्य राजू परमार भाजपा में हुए शामिल

नई दिल्ली । गुजरात कांग्रेस के पूर्व नेता और पूर्व मंत्री नरेश रावल और राज्यसभा के पूर्व सदस्य राजू परमार इस्तीफा देने के दो सप्ताह बाद अब बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए हैं। दोनों नेता दशकों तक कांग्रेस के साथ रहे हैं। वे कुछ महीनों बाद होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा की गुजरात इकाई के अध्यक्ष सी आर पाटिल ने उन्हें भगवा अंगवस्त्र और टोपियां देकर पार्टी में उनका स्वागत किया। बड़ी संख्या में उनके समर्थक भी सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो गए। परमार 1988 से 2006 के बीच तीन बार गुजरात से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य रह चुके हैं। दलित समुदाय के प्रतिष्ठित नेता परमार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए राष्ट्रीय समिति के सदस्य भी रहे। रावल मेहसाणा में बीजापुर विधानसभा सीट से तीन बार विधायक रह चुके हैं। वह गुजरात में कांग्रेस की सरकार के दौरान गृह और उद्योग मंत्री भी रह चुके हैं। उन्होंने 1985, 1990 और 1998 में विधानसभा चुनाव जीता था।

# ट्रांस्वूमेन अदिति ने जन्माष्टमी पर किया कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड की पहली ट्रांस्वूमेन अदिति शर्मा ने जन्माष्टमी पर भक्तिमय गीतो व सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

आज यहां नगर निगम सभागार में आयोजित उत्तराखंड की पहली ट्रांस्वूमेन अदिति शर्मा द्वारा जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ट्रांसजेंडर कम्युनिटी द्वारा भक्तिमय गीतों पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वही काफी तादाद में लोग इस कार्यक्रम के लिए जुटे, कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम में पहुंचे ट्रांसजेंडरस काफी उत्साहित दिखे उन्होंने कहां की ट्रांस जेंडर सार्वजनिक मंचो पर अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं यह देखकर काफी खुशी हो रही है साथ ही उन्होंने बताया की अन्य राज्यों के मुकाबले उत्तराखंड ट्रांस जेंडरस के लिए काफी सुरक्षित राज्य है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर शबाना आजमी ने मीडिया से वार्ता में बताया कि वे ट्रांस वूमेनस के मानसिक व शारीरिक विकारों पर रीसर्च कर रहीं हैं, साथ ही उन्होंने कहा की सरकार को इनकी ओर ध्यान देने की




जरूरत है, ट्रांस जेंडर भी इसी सोसाइटी का हिस्सा है, सरकार को उनको दिल से अपनाना चाहिए। कार्यक्रम की आयोजक उत्तराखंड की पहली ट्रांस वूमेन अदिति शर्मा ने बताया की यह कार्यक्रम जनता के सहयोग से ही हो पाया है। इस कार्यक्रम का मकसद ट्रांस्वोमेन को खुलकर अपनी बात रखने व सामाजिक कार्यो में शामिल होने व ट्रांस राइट्स आर ह्यूमन राइट्स को प्रचारित करना था। अदिति शर्मा ने सरकार की ट्रांसजेंडर्स के प्रति बेरुखी पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार को जरूरत है कि आगे आकर ट्रांसजेंडर्स की सुध लें व सरकारी योजनाओं में ट्रांसजेंडर्स की भागीदारी सुनिश्चित करें उन्होंने उम्मीद जताई है कि धामी सरकार आगामी भविष्य में उनकी सुध लेगी उनके बारे में भी सोचेगी। उन्होंने मांग की उनको भी शिक्षा, रोजगार,सम्पत्ति, चिकित्सा एवम समानता का अधिकार मिलना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सविता कपुर और मेयर सुनील उनियाल गामा मौजूद थे। सागर कुमार डोगरा ,देवयानी ने अपना सहयोग दिया।

# मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियो को दी घी संक्राति की बधाई व शुभकामनाएं

हमारे संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज प्रदेशवासियों को घी संक्राति की बधाई व शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हमारे पारम्परिक लोकपर्व सांस्कृतिक विरासत के मजबूत आधार होते है। उन्होने कहा कि घी संक्रान्ति राज्य का प्रमुख लोकपर्व होने के साथ ही अच्छी फसलों और अच्छे स्वास्थ्य की कामनाओं से जुड़ा पर्व भी है। उन्होने कहा कि हमारे पर्व हमें अपनी संस्कृति एंव प्रकृति से जुड़ने की प्रेरणा देते है। अपने इन त्यौहारों की परम्परा से भावी पीढ़ी को जागरूक करना भी हम सबकी जिम्मेदारी है।

तमूर्मिमापो मधुमत्तमं वोऽपां नपादवत्वाशुहेमा।
यस्मिन्निन्द्रो वसुभिर्मादयाते तमश्याम देवयन्तो वो अद्य।।

(ऋग्वेद ७-४७-२)

वेदों के ज्ञाता विद्वान प्रजा जनों को अपने उपदेशों द्वारा प्रेरित करें कि वे राज नियमों पर रहे उनसे गिरे नहीं। ये विद्वान शासक को भी उपदेश दे कि वह राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करें।

The learned scholars of the Vedas, by their teachings, inspire the subjects to follow the rules of the Raj and not fall from them. They should also instruct the learned ruler that he should perform his duties towards the nation. (Rig Veda 7-47-2)

# नाबालिग से दुष्कर्म में तीन नामजद

संवाददाता

देहरादून। नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने व शादी करने के लिए दहेज मांगने पर पुलिस ने आरोपी के साथ मां बाप के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार घंघोडा निवासी महिला ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी नाबालिग बेटी की पहचान केदारवाला विकासनगर निवासी साबिर के साथ हो गयी थी। साबिर ने उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। जब उन्होंने शादी का दबाव बनाया तो उसके बाप असगर अली व मां संजो तैयार हो गये तथा सगाई कर दी। सगाई के बाद असगर अली व संजो उनसे दहेज की मांग करने लगे। उन्होंने जब दहेज देने में असमर्थता दिखायी तो उन्होंने गाली गलौच कर शादी करने से इंकार कर दिया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# स्वर्ग आश्रम केहरी गांव में चलाया तीसरा वृहद वृक्षारोपण अभियान




नगर संवाददाता

देहरादून। सिटीजन्स फार क्लीन एंड ग्रीन एंम्बयेंस प्रेम नगर समिति द्वारा स्वर्ग आश्रम केहरी गांव, प्रेमनगर में इस मानसून सत्र 2022 का तीसरा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 50 पौधे रोपित किए गए। इस वृक्षारोपण अभियान में समिति के अध्यक्ष अमरनाथ कुमार तथा समस्त सदस्यों के साथ प्रेमनगर के स्वर्ग आश्रम के प्रधान फकीर चंद खेत्रपाल ने भी अपना सहयोग प्रदान किया ।

समिति द्वारा स्वर्ग आश्रम प्रेमनगर के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को रोपित किते गये वृक्षों की सुरक्षा एवं देखभाल करने का प्रण करवाया गया। स्वर्ग आश्रम प्रेमनगर के प्रधान फकीर चंद खेत्रपाल द्वारा सफल वृक्षारोपण अभियान हेतु शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अमरनाथ कुमार, आर के हांडा उपाध्यक्ष, आलोक आहूजा सचिव, राजेश भाटिया संरक्षक, राजेश बाली, कोषाध्यक्ष अनुराग शर्मा मीडिया प्रभारी, केवल शुक्ला समन्वयक, रंजीत फोगाट, प्रकाश राठौड़ मंत्री सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पिता ने किया अपने 7 दिन के मासूम को नाले में दफन !

लखनऊ । बांदा में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां पिता ने अपने 7 दिन के मासूम बच्चे को संदिग्ध हालत में नाले में दफन कर दिया। पड़ोसियों द्वारा पुलिस को बच्चों को गायब करने की सूचना देने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पिता की निशानदेही पर नाले से बच्चे के शव को बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसी के साथ पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आपराधिक कृत्य पर कार्रवाई की बात कही गई है।

यह पूरा मामला बांदा के नरैनी थाना क्षेत्र के सरायं जदीद गांव का है। जहां के रहने वाले जलालुद्दीन नाम के व्यक्ति की पत्नी ने 7 दिन पहले एक बच्चे को जन्म दिया था, जिसे बुखार आ रहा था। इस दौरान बच्चे का पिता जलालुद्दीन बच्चे को लेकर अस्पताल जा रहा था लेकिन रास्ते मे बच्चे का शरीर ठंडा पड़ने पर उसने अस्पताल न ले जाकर उसे एक बरसाती नाले में ही दफना दिया। गांव के लोगों को बच्चा गायब होने पर कुछ संदेह हुआ तो ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस द्वारा बच्चे के शव को निकलवा कर उसको पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इसी के साथ अगर कोई आपराधिक कृत्य पाया जाता है तो वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# एक्सप्रेस ट्रेन ने मालगाड़ी को पीछे से मारी टक्कर

मुंबई। महाराष्ट्र में एक बड़ा रेल हादसा हो गया है, जहाँ छत्तीसगढ़ से राजस्थान जा रही एक एक्सप्रेस ट्रेन ने मंगलवार देर रात गोंदिया जिले में एक मालगाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसके चार पहिए पटरी से उतर गए। घटना में कोई भी व्यक्ति गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। लेकिन, कहा जा रहा की 50 यात्रियों को मामूली चोटे आई है। मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्वी मध्य रेलवे (एसईसीआर) के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना गुदमा और गोंदिया रेलवे स्टेशन के बीच देर रात करीब एक बजकर 20 मिनट पर हुई। एसईसीआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि भगत की कोठी एसएफ एक्सप्रेस (20843) का चालक ट्रेन को नियंत्रित नहीं कर सका, जिसके कारण ट्रेन ने अपने आगे खड़ी एक मालगाड़ी को टक्कर मार दी। वही, उन्होंने बताया, टक्कर लगने के कारण एक्सप्रेस ट्रेन की एक बोगी के चार पहिए पटरी से उतर गए, घटना में कोई यात्री गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। केवल कुछ लोगों को मामूली चोटें आयी हैं। एक यात्री को बेचैनी की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया।श उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद रेलवे अधिकारी दुर्घटनास्थल पर पहुंचे। तत्काल मरम्मत का काम शुरू किया गया, जिसके बाद एक्सप्रेस ट्रेन आगे की यात्रा पर रवाना हो गयी।

# एक परिवार के 6 सदस्य अपने आवास पर मृत पाए गए!

जम्मू। जम्मू के सिदरा इलाके में एक परिवार के 6 सदस्य अपने आवास पर मृत पाए गए। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने ये जानकारी दी है। पुलिस ने कहा कि एक परिवार के छह सदस्य बुधवार को यहां अपने घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए। मृतकों की पहचान सकीना बेगम, उनकी दो बेटियों नसीमा अख्तर और रुबीना बानो, बेटे जफर सलीम और दो रिश्तेदारों नूर उल हबीब और सजाद अहमद के रूप में हुई है। एक घर में 2 शव मिले हैं, जबकि दूसरे घर में 4 शव बरामद हुए। शव सिदरा इलाके में परिवार के घर से बरामद किए गए। पुलिस ने कहा कि उन्हें यहां के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

# गुलाम नबी आजाद ने प्रचार समिति के अध्यक्ष पद को ठुकराया!

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद को केंद्र शासित प्रदेश में पार्टी की प्रचार समिति का प्रमुख नियुक्त किया, लेकिन आजाद ने प्रस्ताव को ठुकरा दिया। जम्मू और कश्मीर में संगठन में सुधार के तौर पर गांधी ने विकार रसूल वानी को अपनी जम्मू-कश्मीर इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। आजाद कांग्रेस के श्जी 23श समूह के प्रमुख सदस्य हैं। यह समूह पार्टी नेतृत्व का आलोचक रहा है और एक संगठनात्मक बदलाव की मांग करते आया है। आजाद को राज्यसभा से सेवानिवृत्त होने के बाद दोबारा उच्च सदन में नहीं भेजा गया था। कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता रमन भल्ला को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। पूर्व पीडीपी नेता तारिक हामिद कर्रा को अभियान समिति के उपाध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है। नियुक्तियों को सार्वजनिक किए जाने के कुछ घंटे बाद, सूत्रों के हवाले से पता लगा है कि आजाद ने गांधी के प्रस्ताव को स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

# प्रधानमंत्री जी, पूरा देश आपकी कथनी व करनी में अंतर देख रहा है: राहुल गांधी

नई दिल्ली (सं)। बिलकिस बानो मामले में 11 दोषियों को गुजरात सरकार ने जेल से रिहा कर दिया। इसको लेकर विपक्ष लगातार बीजेपी सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को गुजरात के बिलकिस बानो मामले के दोषियों की रिहाई को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि पूरा देश उनकी बातों और कामों में अंतर देख रहा है।



राहुल गांधी ने ट्वीट किया, 5 महीने की गर्भवती महिला से बलात्कार और उनकी 3 साल की बच्ची की हत्या करने वालों को आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान रिहा किया गया। नारी शक्ति की झूठी बातें करने वाले देश की महिलाओं को क्या संदेश दे रहे हैं? प्रधानमंत्री जी, पूरा देश आपकी कथनी और करनी में अंतर देख रहा है।

राहुल गांधी के साथ प्रियंका ने भी प्रधानमंत्री मोदी से सवाल पूछा है। उन्होंने पूछा कि अपराधियों की बीजेपी सरकार द्वारा रिहाई और कैमरे के सामने स्वागत क्या पीड़ित के साथ अन्याय नहीं है। प्रियंका ने ट्वीट किया, ष्एक गर्भवती महिला के साथ गैंगरेप और उसकी बच्ची की हत्या के अपराध में सभी अदालतों से सजा पा चुके अपराधियों की भाजपा सरकार द्वारा रिहाई, कैमरे के सामने स्वागत- क्या अन्याय व संवेदनहीनता की पराकाष्ठा नहीं है? का सम्मान केवल भाषणों के लिए? महिलाएं पूछ रही हैं।

वहीं इसके अलावा कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने भी बयान जारी कर कहा कि दोषियों की रिहाई से जुड़े हुए कुछ और तथ्य सामने आए हैं। खेड़ा ने कहा कि गुजरात सरकार का दावा है कि उसने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार अभियुक्तों को रिहा किया, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार को 3 महीने के भीतर रिहाई पर विचार करने को कहा था। इसलिए बलात्कार एवं हत्या के अभियुक्तों को रिहा करने का फैसला पूर्ण रूप से कार्यपालिका का है।

इसके अलावा किस नीति के तहत ये फैसला लिया गया है, इसको लेकर भी पवन खेड़ा ने सवाल पूछा। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि गुजरात सरकार ने 1992 की नीति के तहत रिहाई का फैसला लिया, लेकिन सच्चाई ये है कि 2013 में ही इस नीति को गुजरात में समाप्त कर दिया गया था। गुजरात सरकार की ऑफिशियल वेबसाइट पर भी 1992 की नीति का कोई जिक्र नहीं है। इसके साथ ही 2014 के केंद्रीय गृह मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुसार भी हत्या, सामूहिक बलात्कार जैसे मामलों में अभियुक्तों की क्षमा या रिहाई पर रोक लगाई है।

पवन खेड़ा ने इस मामले में जुड़े कुछ सवाल गुजरात सरकार से भी पूछे हैं। खेड़ा ने पूछा कि 1992 की नीति को 2013 में समाप्त कर दिया गया था। क्या इस बात को सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में लाया गया था। इसके अलावा जेल सलाहकार समिति में कौन-कौन लोग हैं, जिन्होंने इन आरोपियों को क्षमा करने की सिफारिश की।

गुजरात में 2002 में हुए गोधरा कांड के दौरान बिलकिस बानो गैंगरेप केस में दोषी सभी 11 कैदियों को 16 अगस्त को रिहा कर दिया गया। गुजरात सरकार ने अपनी छूट नीति के तहत 15 साल की सजा काटने के बाद सभी दोषियों को रिहा कर दिया है।

दोषियों पर बिलकिस बानो के साथ गैंगरेप करने और उसके परिवार के 7 सदस्यों की हत्या करने का इल्जाम था और 2008 में सभी को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी।

# केजरीवाल ने मेक इंडिया नंबर-1 मिशन की शुरुआत की

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज राजधानी दिल्ली में मेक इंडिया नंबर-1 नाम से एक राष्ट्रीय मिशन की शुरुआत की। इस अवसर पर केजरीवाल ने भाजपा, कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों से अपील की कि वो आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मिशन का हिस्सा बनें। केजरीवाल ने कहा कि इस मिशन को सफल बनाने के लिए सबका साथ बहुत जरूरी है। मेक इंडिया नंबर-1 मिशन की शुरुआत करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, भारत एक महान देश है। भारत की सभ्यता हजारों साल पुरानी है। एक समय भारत का डंका पूरी दुनिया में बजा करता था। आज हम एक राष्ट्रीय मिशन की शुरुआत करने जा रहे हैं। जिसका नाम है मेक इंडिया नंबर-1 । हमें 130 करोड़ लोगों को इस मिशन के साथ जोड़ना है। केजरीवाल ने कहा, ष्लोग पूछते हैं कि क्या भारत विश्व की अगुआई कर सकता है? क्यों नहीं? भारत दुनिया का नेतृत्व क्यों नहीं कर सकता? बस हर धर्म- जाति, किसान-मजदूर, डॉक्टर-शिक्षक समेत सभी 130 करोड़ लोगों को देश की बागडोर संभालनी पड़ेगी। हम इन नेताओं के भरोसे देश नहीं छोड़ सकते। हम प्रण लेते हैं कि जब तक भारत को दुनिया का नंबर-1 देश नहीं बना देते, हम चौन से नहीं रहेंगे। मैं देश के कोने-कोने में जाऊंगा और 130 करोड़ लोगों का गठबंधन बनाऊंगा।

# ज्ञानवापी मस्जिद केस के पैरोकार को मिली जान से मारने की धमकी



वाराणसी (सं)। वाराणसी में मां श्रृंगार गौरी- ज्ञानवापी मस्जिद केस के पैरोकार डॉक्टर सोहन लाल आर्य को जान से मारने की धमकी मिली है। पाकिस्तानी नंबर से उनके मोबाइल पर फोन आया और फोन करने वाले ने धमकी भरे लहजे में कहा कि राजस्थान के कन्हैया कुमार की तरह तुम्हारा भी हश्र करेंगे।

धमकी मिलने के बाद उन्होंने इसकी शिकायत अधिकारियों से किया है। अधिकारियों ने बताया कि तहरीर दिए जाने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

डॉक्टर सोहन लाल आर्य को धमकी दिए जाने का यह पहला मामला नहीं है। इसके पहले 19 और 20 मार्च को भी उनके मोबाइल पर पाकिस्तानी नंबर से फोन आया था। उस समय भी फोन करने वाले ने जान से मारने की धमकी दी थी। वहीं इस बार पाकिस्तानी नंबर से धमकी दिए जाने के मामले में इंटेलिजेंस ब्यूरो और लोकल इंटेलिजेंस यूनिट द्वारा भी जांच पड़ताल किया जा रहा है। डॉक्टर सोहनलाल आर्य ने बताया कि पुलिस कमिश्नर से मिलकर शिकायत करने जा रहे हैं, उसके बाद लक्सा थाने में पाकिस्तानी नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कराएंगे। वहीं इस बारे में एसीपी दशाश्वमेध अवधेश कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद लक्सा थाने में मुकदमा दर्ज किया जाएगा और उसी के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। 18 अगस्त 2021 को राखी सिंह सहित 5 महिलाओं ने सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में मां शृंगार गौरी मंदिर में नियमित पूजा-पाठ और ज्ञानवापी मस्जिद में स्थित अन्य देवी-देवताओं के विग्रहों की सुरक्षा का केस दाखिल किया था। कोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर के सर्वे का आदेश दिया था। मई माह में यहां सर्वे किया गया और कोर्ट के आदेश पर ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाना और टॉयलेट को सील करा दिया था। सर्वे के बाद हिन्दू पक्ष द्वारा दावा किया जा रहा है कि ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने में आदि विश्वेश्वर का शिवलिंग सहित कई हिंदू चिन्ह मिले हैं।

# इस्कॉन द्वारा भव्य जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन

संवाददाता

देहरादून। इस्कॉन द्वारा भव्य जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आज यहां इस्कॉन के प्रबंधक जय गोविन्दं द्वारा बताया गया कि भगवान् श्रीकृष्ण का महामहोत्सव 19 अगस्त 2022 को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा और यह महोत्सव 20 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के संस्थापक-आचार्य श्रील प्रभुपाद की 126 वीं व्यास पूजा उत्सव के साथ समाप्त होगा। इस्कॉन देहरादून के जन्माज़्टमी महापावन पर्व वेंकटेश्वर कल्याण मण्डप 29 सुभाष रोड, पुलिस मुख्यालय के सामने , 19 अगस्त को शाम 4 बजे से मध्यरात्रि तक मनाया जायेगा। महोत्सव का शुभारंभ श्री राधामाधव की प्रात: कालीन भव्य मंगल आरती से होगा। सुबह 9 बजे से ही उत्सव स्थल मंदिर भक्तों द्वारा वैष्णव आचार्यों के भजन और हरिनाम संकीर्तन से गुंजायमान रहेगा। मंदिर के प्रबंधक जय गोविंद ने बताया कि सांय 4 बजे से कार्यक्रम में मुख्य रूप से इस्कॉन के भक्त कृष्ण कथा के कई पहलुओं और कृष्ण चेतना के विज्ञान की विशेषता वाले नृत्य, कीर्तन और नाटक जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के बिंदु भगवान् का महा अभिषेक, 1008 महाभोग, महासंकीर्तन, मध्यरात्रि में महाआरती विशेष स्टाल और छोटे बच्चों द्वारा दशावतार पर आधारित विशेष झांकी रहेंगी। वेदिक सभ्यता, सनातन धर्म तथा भगवद गीता पर विशेष पुस्तकों के लिए विशेष स्टॉल भी होगा। सभी भक्तगणों को भगवान कृष्ण के श्री विग्रह के दर्शन, झूला दर्शन एवं प्रसाद की प्राप्ति होगी। इसके अलावा भगवान् का कलश अभिषेक किया जाएगा जिसका समय रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक रहेगा। जिसमें भक्त कलश से भगवान् को पंचामृत से स्नान करा सकते हैं। इस्कॉन विश्व की सबसे बड़ी गीता प्रतियोगिता भी आयोजित कर रही है। इसमें सभी आयु वर्गों के लोग हिस्सा ले सकते हैं। इसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी जैसे कि श्लोक प्रतियोगिता, कला प्रतियोगिता, निबंध लेखन, बातचीत तथा ट्रेजर हंट। इसका मुख्य कार्यक्रम 4 दिसंबर 2022 को गीता जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जायेगा जिसमें देश विदेश के प्रतियोगी को पुरुस्कार दिया जाएगा।

# दुकान से सिलेण्डर चोरी

देहरादून। चोरों ने फास्ट फूड की दुकान से गैस सिलेण्डर चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दौडवाला निवासी रूपा देवी ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी क्षेत्र में फास्ट फूड की दुकान है। आज वह दुकान के अन्दर सामान तैयार कर रही थी। जब वह बाहर आयी तो उसने देखा कि उसकी दुकान पर रखा गैस का सिलेण्डर गायब था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मोर्चा ने आजादी की 75वीं वर्षगाँठ को हर्षोल्लास से मनाया

संवाददाता

देहरादून। राष्ट्रीय बाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा ने आजादी की 75वी वर्षगांठ अमृत उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया। यहां करनपुर ओल्ड डालनवाला स्थित महर्षि वाल्मीकि सामुदायिक भवन में मोर्चा की जिला इकाई ने आजादी महोत्सव का आयोजन किया। सर्वप्रथम बतौर मुख्य अतिथि मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री भागवत प्रसाद मकवाना व विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्य मंत्री जितेंद्र रावत मोनी ने राष्ट्र गान के साथ ध्वज आरोहंन किया। मकवाना एवं जितेंद्र रावत को बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर का चित्र भेंट कर एवम् फूल मालाओं से सम्मानित किया गया।श्री मकवाना एवं श्री जितेंद्र रावत ने अपने संबोधन में कहा कि देष्ठा की आजादी में सर्व समाज का योगदान रहा है। आजादी के आंदोलन में ष्टाहीदों को शत् शत् नमन जिनकी बदौलत हम देशवासी आत्म सम्मान का जीवन व्यतीत कर रहे हैं। अब सभी देशवासियों का यह कर्तव्य और दायित्व भी है कि वह देश के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने सरकार के अमृत- उत्सव कार्यक्रम की भी बहुत प्रशंसा की। इस अवसर पर मोर्चा के राष्ट्रीय पर्व अधिकारियों का फूल मलाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के आयोजक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष कुलवंत सूद थे। इस अवसर पर राजेश राजौरीया, राजिंदर मोहन केसला, महामंत्री अरुण चौहान, राजिंदर केसला, मदन बाल्मीकि, मीडिया प्रभारी विनोद घाघट, चिव राजीव राजौरी, अज्जू भाई,संजू भाई, अनिका छेत्री, विनोद गोदियाल, सुखबीर सिंह, परविंदर, अमन सहित काफी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# कीवी फल खाने से स्किन की खोई हुई चमक वापस आ जाएगी!



अगर कहा जाए कि किवी फल खाने को से आपके स्किन की खोई हुई चमक वापस आ जाएगी, तो आप क्या करेंगे? बिना देर किए इस फल को खरीदने चले जाएंगे?

ज़रूर जाइए, लेकिन उसके पहले इसके फायदे को अच्छे ढंग से जान लीजिए. हमारी सेहत के लिए वैसे तो आमूमन सभी फल फायदेमंद होते हैं, लेकिन किवी एक ऐसा फल है जिसका असर सीधा आपके स्किन पर होता है. इसे खाने से आपके चेहरे की खोई हुई चमक वापस आ जाती है.

*कीवी खाने में जितना ही मजेदार फल है,उतना ही यह हमारे चेहरे के लिए असरदार. यह हमारे चेहरे की खूबसूरती को निखारने का काम करता है. इसे खाने से चेहरे की खोई हुई ग्लो वापस आ जाती है.

*कीवी में एंटीबैक्टीरियल मौजूद होते हैं, जो हमारी स्किन को मुहांसे और कई बीमारियों से दूर रखने का काम करती है. कीवी फ्रूट आपके दिल से संबंधित समस्याओं को दूर करने में बहुत ही प्रभावकारी होता है.

*कीवी में मौजूद पोटेशियम लो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित कर दिल के दौरे के रिस्क को कम करने में मदद करता है. यदि आपका ब्लड प्रेशर नियंत्रित और स्थिर होता है तो यह आपके स्वस्थ दिल को दर्शाता है. किवी फल में फाइबर और विटामिन होते हैं जो आपकी धमनियों को मजबूत कर उनके कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं. इस प्रकार किवी फल का नियमित सेवन कर हम दिल से संबंधित बीमारियों को दूर कर सकते हैं.

*कीवी फल अस्थमा रोग के उपचार में असरदार होता है. यह हरा फल हमारी आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होता है. आंखों की दृष्टि कम होना या कम दिखाई देने का मैकुल पतन के कारण होता है. मैकुलर पतन को कम करके किवी फल आपकी आंखों की रक्षा करने में आपकी मदद कर सकता है. कीवी फ्रूट हमारी पाचन प्रणाली के लिए फायदेमंद होता है. यह कई फाइबरों से भरपूर होते हैं जो कि पाचन के लिए अच्छे और महत्वपूर्ण होते है. प्राकृतिक एंजाइमों से भरपूर किवी फल आपकी नींद को बेहतर बनाने में मदद करते है.

# तेनु दिल विच रखा गाना आपको खास व्यक्ति की याद दिलाकर चेहरे पर लाएगा मुस्कानः काव्या थापर

कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में अभिनय कर चुकी काव्या ने अपने पिछले गीत की प्रतिक्रिया पर टिप्पणी करते हुए कहा, मुझे अपने पिछले गीत बारिश के दिन के लिए इतने प्यार की उम्मीद नहीं थी, लेकिन हमें जो प्यार मिला वह वास्तव में अभूतपूर्व है, और मैं इसके लिए अपने सभी प्रशंसकों का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं।

बारिश के दिन गाने को भारी सफलता मिलने के बाद, दर्शक इस नए ऑन-स्क्रीन जोड़े काव्या थापर और पारस अरोड़ा की प्रशंसा करना बंद नहीं कर पा रहे है, जिन्हें अब गाने में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण बहुत ही ज़्यादा प्यार मिल रहा है। अब वे तेनु दिल विच रखन के साथ वापस आ गए हैं, जो एक रोमांटिक प्रेम कहानी के साथ वर्ष का सबसे भावपूर्ण प्रेम गीत बन रहा हे। कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में अभिनय कर चुकी काव्या ने अपने पिछले गीत की प्रतिक्रिया पर टिप्पणी करते हुए कहा, मुझे अपने पिछले गीत बारिश के दिन के लिए इतने प्यार की उम्मीद नहीं थी, लेकिन हमें जो प्यार मिला वह वास्तव में अभूतपूर्व है, और मैं इसके लिए अपने सभी प्रशंसकों का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं।

अपने गीत तेनु दिल विच रखा के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री कहती हैं, यह गीत एक बहुत ही मज़ेदार गीत है जो आपको बस इसके प्यार में डूबा देगा। यह प्यार और रोमांस के जादू और उनके मज़ेदार पलों के बारे में है। मे उन सब का शुक्रिया अदा करना चाहती हु जिन्होंने इस गाने को इतना प्यार दिया की कुछ ही घंटो में 2 मिलियन से अधिक व्यूज हो गए हे। मुझे बहोत जनो की प्रतिक्रिया आ रही हे की उन्हें गाना बहोत ही ज्यादा पसंद आ रहा हे और में आपको दावा कर सकती हु की यह गाना सुनते ही आपके चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी आपके किसी खास व्यक्ति की याद दिलाएगी।

## शब्द सामर्थ्य -32

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | | 8 | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | | | |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | 12 | ■ | |
| ■ | 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | | ■ | | ■ | ■ | 15 | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | 18 | 19 | | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | 22 | | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 23 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 31 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | ■ | ■ | ■ | खा | म | खाँ |
| णे | ■ | ल | ■ | झ | प | की | ■ | ■ |
| श | र | ब | त | ■ | रं | ■ | ■ | मि |
| ■ | ज | गा | ना | ■ | प | रा | का | ष्ठा |
| ■ | नी | र | ■ | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | ■ | ■ | प | ■ | ■ | य | ■ |
| म | र | णा | स | न्न | ■ | पा | नी | ■ |
| ची | ■ | ■ | प | ■ | पा | ■ | ■ | भो |
| न | ज | रा | ना | ■ | स | मा | चा | र |

## रवि तेजा की टाइगर नागेश्वर राव से अनुपम खेर का फर्स्ट लुक आया सामने

वामसी द्वारा निर्देशित अभिनेता रवि तेजा की पहली अखिल भारतीय फिल्म टाइगर नागेश्वर राव अपने लॉन्च के दिन से ही काफी शोर मचा रही है। टीम ने अब बॉलीवुड के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता अनुपम खेर को लेकर एक कास्टिंग तख्तापलट किया। फिल्म से अनुपम का फर्स्ट लुक पोस्टर मंगलवार सुबह निर्माताओं द्वारा सोशल मीडिया पर जारी किया गया। पोस्टर में अपना पूरा रूप नहीं दिखाने के बावजूद अनुपम खेर टाइगर नागेश्वर राव में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। टाइगर नागेश्वर राव, जैसा कि सर्वविदित है, पौराणिक चोर पर एक बायोपिक है और 197० के दशक में आंध्र प्रदेश के स्टुअर्टपुरम गांव में स्थापित है। इस फिल्म में रवि तेजा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में गायत्री भारद्वाज और नूपुर सैनन भी हैं। अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स के निर्माता अभिषेक अग्रवाल बिना किसी समझौते के बजट पर फिल्म बना रहे हैं, क्योंकि यह उनकी सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना है और चालक दल ने अभी-अभी एक कास्टिंग तख्तापलट किया है। एक्शन ड्रामा तेलुगू, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी भाषाओं में बनाया जाएगा।

## मुझे गुम है किसी के प्यार में में मेरी भूमिका के लिए याद किया जाएगा: मिताली नाग

अभिनेत्री मिताली नाग का कहना है कि वह एक गायिका बनने के लिए मुंबई आई थीं, लेकिन नियति की उनके लिए अलग योजना थी और वह अभिनेत्री बन गईं। उनके लिए अफसर बिटिया चीजें बदलने वाला शो है। अब तक के सफर और अपने चल रहे शो गुम है किसी के प्यार में के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मेरा जन्म और पालन-पोषण नागपुर में हुआ था। मैं गायिका बनने के लिए मुंबई आई थी। मैंने कुछ संगीत रियलिटी शो में भाग लिया और जीता। हालांकि, मेरे लिए नियति की कुछ और ही योजना थी और मुझे एक टीवी शो में नायिका की भूमिका निभाने के लिए चुना गया। अभिनय तब से मेरा पेशा बन गया हैवह मनोरंजन उद्योग में अपनी सफलता का श्रेय दिसंबर 2०11 से 2०12 तक प्रसारित होने वाले शो अफसर बिटिया में अपनी भूमिका को देती हैं। मिताली अब गुम है किसी के प्यार में में एक मानसिक रूप से बीमार लड़की देवयानी चव्हाण की भूमिका निभा रही हैं और उन्हें लगता है कि लोग उन्हें इस भूमिका के लिए भी हमेशा याद रखेंगे। एक अभिनेता को अपने किरदार में आने के लिए किसी भी संघर्ष का सामना नहीं करना पड़ता, वह कहती है, मैं अपने बेटे रुद्रांश को देखती रहती हूं और देवयानी की भूमिका निभाते हुए उसके बहुत सारे तौर-तरीकों का उपयोग करती हूं।

## कृष्णा के साथ नच बलिए 10 की मेजबानी की अफवाहों पर कश्मीरा शाह ने प्रतिक्रिया दी

कश्मीरा शाह ने आखिरकार अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी। रिपोर्ट्स में कहा गया था कि डांस रियलिटी टीवी शो नच बलिए 1० के निर्माताओं द्वारा वह और उनके पति कृष्णा अभिषेक पहली पसंद थे, लेकिन कुछ मुद्दों के कारण डील नहीं हो पाई। कश्मीरा कहती हैं, कृष्णा और मैंने निर्माताओं के साथ कभी कोई मुलाकात नहीं की। मुझे यह पढ़कर वाकई हैरानी हुई। एक सकारात्मक नोट पर, हम हमेशा शो की मेजबानी करना पसंद करेंगे।कश्मीरा और कृष्णा 2००7 में प्रसारित नच बलिए के तीसरे सीजन में दूसरी रनर अप रहीं। अभिनेत्री ने प्यार तो होना ही था, दुल्हन हम ले जाएंगे, हेरा फेरी जैसी लोकप्रिय फिल्मों में अभिनय किया। वह बिग बॉस 1 में भी नजर आई थीं। कृष्णा एक लोकप्रिय कॉमेडियन हैं जिन्हें पहले द कपिल शर्मा शो में देखा गया था। टीवी शो अक्टूबर के मध्य में अपने 1०वें सीजन के साथ वापसी करेगा और इसे टेरेंस लुईस, करिश्मा कपूर और वैभवी मर्चेंट द्वारा जज किया जाएगा। सलमान खान द्वारा निर्मित शो में शहनाज कौर गिल, रूपाली गांगुली, प्रतीक सहजपाल, मोहसिन खान जैसे लोकप्रिय चेहरे प्रतियोगी के रूप में शामिल हो सकते हैं, मेजबान के रूप में युविका चौधरी और प्रिंस नरूला।

## फैंस की धड़कने बढ़ाने के लिए मलाइका अरोड़ा ने पहनी इतनी रिवीलिंग ड्रेस

मलाइका अरोड़ा का इंस्टाग्राम अकाउंट एक से बढ़कर एक फोटोज से भरा पड़ा है। हाल में मलाइका द्वारा शेयर की गई तस्वीरों को देखने के बाद फैंस बेकाबू हो रहे हैं। दरअसल, मलाइका अरोड़ा हाल ही में एफडीसीआई इंडिया कॉउचर वीक 2०22 में बतौर शो स्टॉपर बनकर डिजाइनर रोहित गांधी और राहुल खन्ना के लिए रैंप वॉक किया था। इस दौरान एक्ट्रेस रैंप पर इतनी ज्यादा बोल्ड ड्रेस पहनकर कैमरे के सामने आई थीं कि लोगों के होश उड़ गए थे। मलाइका अरोड़ा ने अब इसी ड्रेस को पहनकर हद से ज्यादा बोल्ड फोटोशूट करवाया है। इस सिजिलिंग फोटोशूट की तस्वीरें मलाइका अरोड़ा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इस फोटोशूट में एक्ट्रेस अपने क्लीवेज प्लांट करती नजर आई। इन तस्वीरों को देखने के बाद फैंस बेकाबू हो रहे हैं। एक्ट्रेस ने जैसे ही इस फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की तो वो एक से बढ़कर कमेंट्स कर रहे हैं। मलाइका लगातार इस तरह की बोल्ड ड्रेसेज पहनकर एक से बढ़कर एक फोटोज खिंचवा रही हैं। (आरएनएस)

## बालिका वधू की आनंदी होती जा रही हैं बोल्ड

टीवी एक्ट्रेस अविका गौर एक्टिंग जगत का जाना-माना नाम है. अविका ने अपने करियर की शुरुआत सीरियल बालिका वधू से की थी. सीरियल में उनके आनंदी के किरदार को काफी पसंद किया गया है. आज भी उन्हें घर-घर आनंदी के नाम से जाना जाता है. इसके अविका कई सीरियल और साउथ फिल्मों में काम कर चुकी हैं. बता दें कि इन दिनों अविका गौर सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड फोटो और तस्वीरें शेयर कर रही हैं. आइए देखते है एक्ट्रेस बोल्ड अविका गौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. इंस्टाग्राम पर अपनी खूबसूरत फोटो और वीडियो शेयर करती रहती हैं. बता दें कि एक्ट्रेस इन दिनों मालदीव वेकेशन की फोटो और वीडियो शेयर कर रही हैं.

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटो शेयर की हैं. इस फोटो में अविका गौर व्हाइट बॉडीकॉन ड्रेस पहने नजर आ रही हैं. इस व्हाइट ड्रेस में अविका बेहद खूबसूरत लग रही हैं. सोशल मीडिया पर उनके इस सिजलिंग अवतार ने तहलका मचा दिया है. लाइट मेकअप और पोनीटेल में एक्ट्रेस बेहद स्टनिंग लग रही हैं.

अविका गौर ने इंस्टाग्राम पर कुछ दिन पहले बिकिनी में अपना बोल्ड लुक शेयर कर चुकी हैं. अविका गौर इन दिनों मालदीव वेकेशन हॉलीडे एंजॉय कर रही हैं.

## दक्षिण भारतीय लहजे में हिंदी बोलने के कारण बॉलीवुड के प्रस्ताव ठुकरा दिए : नागा चैतन्य



आमिर खान अभिनीत फिल्म लाल सिंह चड्ढा से बॉलीवुड में कदम रखने वाले नागा चैतन्य ने बॉलीवुड में अपने डेब्यू के बारे में बात करते हुए खुलासा किया कि दक्षिण भारतीय लहजे में हिंदी बोलने के कारण उन्होंने लंबे समय तक जानबूझकर हिंदी फिल्मों से परहेज किया।

चैतन्य टॉलीवुड के सबसे पसंदीदा और सफल अभिनेताओं में से एक हैं। चूंकि वह प्रतिष्ठित अक्किनेनी परिवार से ताल्लुक रखते हैं, इसलिए उनका फैंटेसी एक ठोस और पहले से स्थापित है। अभिनेता ने उद्योग में ग्यारह साल बाद आमिर खान के साथ लाल सिंह चड्ढा से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कीहैं।

अपने बॉलीवुड प्रस्तावों के बारे में पूछे जाने पर नागा चैतन्य ने कहा कि उन्हें पहले कई हिंदी परियोजनाओं के लिए परामर्श दिया गया था, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया था। अभिनेता ने आगे कहा, हैदराबाद जाने से पहले मेरा पालन-पोषण चेन्नई में हुआ था।

नतीजतन, मेरी हिंदी में सुधार की जरूरत है। मैं बहुत लंबे समय से इसे लेकर असुरक्षित महसूस कर रहा हूं। यही कारण है कि मैं हिंदी फिल्मों से दूर हो गया। नागा चैतन्य ने मीडिया के साथ खुलकर बातचीत की। उनकी डेटिंग अफवाहों के बारे में भी पूछताछ की गई।

नागा चैतन्य ने कहा, शुरुआत में, इस तरह की चीजों ने मुझे परेशान किया, लेकिन अब मैं एक अलग जगह पर हूं। मैं हमेशा मानता हूं कि एक खबर हमेशा दूसरे की जगह लेती है। मैं इन अफवाहों को ध्यान में नहीं रखता। नागा चैतन्य को आखिरी बार थैंक यू में देखा गया था, और इसके बाद वह एक वेब सीरीज दूथा में नजर आएंगे।(आरएनएस)

## कहानी घर घर की ने डेली सोप की मिसाल कायम की : साक्षी तंवर

टेलीविजन अभिनेत्री साक्षी तंवर का मानना है कि प्रतिष्ठित शो कहानी घर घर की ने देखने के अनुभव को बदल दिया है। जैसा कि शो लगभग 13 वर्षों के बाद वापस आ रहा है, साक्षी शो का हिस्सा बनने पर काफी खुश हैं। उनके अनुसार, यह उन शो में से एक था जिसने टीवी पर सास-बहू का चलन स्थापित किया और लोगों के दैनिक जीवन से इतना जुड़ा हुआ था कि कोई भी इस तरह की घटनाओं को अगले दरवाजे पर देख सकता है।

वह कहती है, यह वास्तव में टेलीविजन देखने के अनुभव में बदलाव का बीड़ा उठाया है। यह उन शो में से एक है जो टीवी पर अब भी डेली सोप के रूप में हम जो देखते हैं उसके लिए मिसाल कायम करते हैं। टेलीविजन अभिनेताओं और उनके दर्शकों के बीच संबंध मेरे लिए काफी अनूठा हैबड़े अच्छे लगते हैं, कुटुम्ब जैसे टीवी शो के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री ने कहा, यह टेलीविजन के माध्यम से भावनाओं का एक सुंदर आदान-प्रदान है, जिसकी तुलना अपने पड़ोसियों से दैनिक आधार पर मिलने से की जा सकती है।

मैं इसे टीवी पर फिर से देखने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं।उन्होंने दंगल जैसी फिल्मों में भी काम किया और बॉलीवुड स्टार आमिर खान द्वारा निभाई गई पूर्व पहलवान महावीर सिंह फोगट की पत्नी दया कौर के रूप में देखी गईं।कहानी घर घर की 2००० से 2००8 तक टीवी पर सबसे सफल शो में से एक था। वास्तव में यह शीर्ष 5 में से एक था। साक्षी तंवर, किरण करमरकर, अली असगर, श्वेता कवात्रा जैसे कलाकार घर-घर में जाने जाते थे और आज भी उन्हें उनकी भूमिकाओं के लिए याद किया जाता है। कहानी घर घर की स्टार प्लस पर प्रसारित होगा।

## विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे की ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री ने मचाया बवाल



टॉलीवुड सुपरस्टार विजय देवरकोंडा और अदाकारा अनन्या पांडे की अपकमिंग फिल्म लाइगर जल्दी ही सिल्वर स्क्रीन पर धमाका करने वाली है। इससे पहले मेकर्स फिल्म से जुड़ी झलकियां दिखाकर फैंस के एक्साइटमेंट को और भी बढ़ाने की कोशिशों में लगे हैं। इसी कड़ी में निर्माताओं ने टॉलीवुड सुपरस्टार विजय देवरकोंडा और अदाकारा अनन्या पांडे की अपकमिंग फिल्म लाइगर का नया गाना आफत रिलीज किया है। जो एक जबरदस्त पैपी नंबर हैं। फिल्म के गाने में विजय देवरकोंडा और अदाकारा अनन्या पांडे जबरदस्त डांस करते नजर आ रहे हैं।

जारी हुए फिल्म लाइगर के इस गाने को संगीत दिया है म्यूजिक कंपोजर तनिष्क बागची ने, साथ ही फिल्म के इस गाने को भी उन्होंने जायरा खान के साथ मिलकर गाया है। फिल्म के बोल रश्मि विर्ग ने लिखे हैं। जबकि फिल्म के कोरियोग्राफर पीयूष और शाजिया हैं। विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे स्टारर इस फिल्म के इस गाने को मेकर्स ने कुछ देर पहले ही जारी किया है।

बता दें कि विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे की ये पहली पैन इंडिया रिलीज फिल्म है। फिल्म को निर्माता इसी महीने 25 अगस्त के दिन सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज करने वाले हैं। इस फिल्म के साथ ही विजय देवरकोंडा हिंदी बॉक्स ऑफिस पर कदम रखेंगे। जबकि अनन्या पांडे पहली बार साउथ इंडियन सिनेमा मार्केट में कदम रखने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशक साउथ फिल्म निर्देशक पुरी जगन्नाथ ने किया है। जबकि वो इसे करण जौहर और चार्मी कौर के साथ मिलकर को-प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म में विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे के अलावा राम्या कृष्णन और मरकंद देशपांडे, रोनित रॉय और माइक टायसन जैसे दमदार स्टार्स हैं। तो क्या आप इस फिल्म के लिए एक्साइटेड हैं।

# विश्व की पहली वैज्ञानिक भाषा संस्कृत

ललित चतुर्वेदी

संस्कृत दिवस श्रावण पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। विभिन्न जयंतियों - वाल्मिकि जयंती, कालीदास जयंती, गीता जयंती, गुरू पूर्णिमा का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालयों की सक्रिय सहभागिता रहती है। संस्कृत दिवस के दिन वेद शास्त्रों की पूजा एवं महत्ता पर चर्चा एवं विद्वत्संगोष्ठी का आयोजन किया जाता है।

भारत की प्राचीनतम भाषा संस्कृत में भारत का सर्वस्व संन्निहित है। देश के गौरवमय अतीत को हम संस्कृत के द्वारा ही जान सकते हैं। संस्कृत भाषा का शब्द भण्डार विपुल है। यह भारत ही नहीं अपितु विश्व की समृद्ध एवं सम्पन्न भाषा है। भारत का समूचा इतिहास संस्कृत वाड्मय से भरा पड़ा है। आज प्रत्येक भारतवासी के लिए विशेषकर भावी पीढ़ी के लिए संस्कृत का ज्ञान बहुत ही आवश्यक है।

संस्कृत भाषा ने अपनी विशिष्ट वैज्ञानिकता के कारण भारतीय विरासत को सहेजकर रखने में अपना अप्रतिम योगदान दिया है। संस्कृत ऐसी विलक्षण भाषा है जो श्रुति एवं स्मृति में सदैव अविस्मरणीय है। अतिप्राचीन काल में संरक्षित-संग्रहित भारत की यह विपुल ग्रंथ सम्पदा संस्कृत के कारण ही सुरक्षित रही है। संस्कृत की महत्ता को सम्पूर्ण विश्व ने स्वीकारा है। संस्कृत को भारतीय शिक्षा में अनिवार्य करना आवश्यक है। शिक्षा में इसकी अनिवार्यता को लेकर केन्द्रीय संस्कृत आयोग ने 1959 में - माध्यमिक स्कूलों में संस्कृत को अनिवार्य शिक्षा करने के साथ मातृभाषा तथा क्षेत्रीय भाषा पढ़ाई जाने की अनुशंसा की। संस्कृत शाला एवं संस्कृत महाविद्यालय प्रारंभ करने के लिए शासन द्वारा ९० प्रतिशत की छूट भी प्रदान की गई है।

संस्कृत परिष्कृत, संस्कारित एवं वैज्ञानिक भाषा है। आदिकाल से वेद, रामायण, महाभारत सहित विशिष्ट विषयों को भारतीय मस्तिष्क में संस्कृत के संबल पर सहेज कर रखा है। वेद, रामायण, महाभारत आदि ग्रंथ श्रुति एवं स्मृति परिचारों में सुरक्षित रखते हुए आज लिपिबद्ध रूप में गोचर हो रहे हैं। इससे बड़ा प्रमाण कोई नहीं हो सकता।

संस्कृत भाषा का अपना एक वैज्ञानिक महत्व है। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार संस्कृत एक सम्पूर्ण वैज्ञानिक भाषा है। प्राचीन भारत में बोल-चाल की भाषा में संस्कृत का ही उपयोग किया जाता था। इससे नागरिक अधिक और मानसिक रूप से अधिक संतुलित रहा करते थे। संस्कृत के मंत्रों का उच्चारण करते समय मानव स्वास्थ्य पर विशेष प्रभाव पड़ता है। मंत्रोच्चार के समय वाइब्रेशन से शरीर के चक्र जागृत होते हैं और मानव का स्वास्थ्य बेहतर रहता है। बहुत सी विदेशी भाषाएं भी संस्कृत से जन्मी हैं। फ्रेंच, अंग्रेजी के मूल में संस्कृत निहित है। संस्कृत में सबसे महत्वपूर्ण शब्द 'ऊँ' अस्तित्व की आवाज और आंतरिक चेतना एवं ब्रम्हाण्ड का स्वर है। प्राचीन धरोहर की खोज करने का मुख्य मापदण्ड संस्कृत है। संस्कृत की महत्ता को देखते हुए जर्मनी में 14 से अधिक विश्व विद्यालयों में संस्कृत का अध्ययन कराया जाता है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कहना है कि हमारे वेद पुराण और गीता आदि संस्कृत में लिखे गए हैं। हमें अपनी जड़ों को नहीं भूलना चाहिए। संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए राज्य शासन द्वारा हर संभव सहयोग दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार के प्रयास से संस्कृत शिक्षा की प्रगति हो रही है। संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन राशि संस्कृत शालाओं में पढ़ने वाले उत्तर मध्यमा स्कूल प्रथम वर्ष कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों को दी गई। इससे कक्षा पहली, छठवीं और 9वीं को दी गई थी। गैर अनुदान प्राप्त संस्कृत शालाओं को स्तरवार वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस वर्ष से गैर अनुदान प्राप्त विद्यालयों को उनके प्रत्येक स्तर को जोड़ते हुए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। प्रवेशिका प्राथमिक स्तर को १० हजार रूपए प्रतिवर्ष, प्रथमा मिडिल स्तर को २० हजार रूपए प्रतिवर्ष, पूर्व मध्यमा प्रथम एवं उत्तर मध्यमा प्रथम (हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी) को ४० हजार रूपए प्रतिवर्ष की दर से राशि प्रदान की जाती है। केन्द्रीय जेल रायपुर में संस्कृत पाठशाला संचालित की जा रही है और विगत तीन वर्षों से अम्बिकापुर में भी संस्कृत पाठशाला संचालित हो रही है। पन्द्रह वर्ष बाद संस्कृत उत्तर मध्यमा कक्षा को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 12वीं के समकक्ष मान्यता प्रदान की गई। भारतीय विरासत के संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दिग्दर्शन में आयुर्वेद, योग, प्रवचन, वेद, ज्योतिष जैसे संस्कृत के वैज्ञानिक विषयों का अध्ययन-अध्यापन संस्कृत पाठशालाओं में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की संस्कृत पाठशालाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को संस्कृत में शास्त्रों के अध्ययन के साथ-साथ आधुनिक विषयों जैसे गणित, विज्ञान, वाणिज्य आदि का समन्वित ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश में संस्कृत पढ़ने वाले विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने में समर्थ हैं।

*(लेखक उप संचालक हैं)*

# सेब से लदा वाहन खाई में गिरा

संवाददाता

देहरादून। सेब से लद वाहन खाई में गिर गया चालक ने कूदकर अपनी जान बचायी। पुलिस ने वाहन को बाहर निकाला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रातः त्यूणी थाना पुलिस को सूचना मिली कि थाने से करीब सात किलोमीट आगे प्लासू के पास अटाल की ओर जाने वाले मार्ग पर एक बोलेरो पिकअप वाहन खाई में गिर गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल रस्सी आदि उपकरणों से बोलेरो को बाहर निकाला। बोलरो आराकोट उत्तरकाशी से सेब लेकर विकासनगर जा रही थी सडक से लगभग 100 मीटर नीचे पहाडी मे खाई में गिर गयी। वाहन चालक नरेश चौहान पुत्र सरदार सिंह चौहान निवासी जागटा थाना मोरी उत्तरकाशी ने बताया कि वाहन के ब्रेक फेल होने के कारण उसके द्वारा वाहन से छलांग मारकर अपने को बचाया गया। वाहन में कोई अन्य सवार नहीं था।

# युवती से दुष्कर्म में एक नामजद

संवाददाता

देहरादून। युवती से दुष्कर्म कर उसको जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजीव नगर निवासी युवती ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पहचान क्षेत्र के ही आमिर नामक युवक से हो गयी थी। आमिर उसको बहला फुसलाकर एक गेस्ट हाउस में ले गया। जहां पर उसने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। उसने जब इस बात को अपने परिवार को बताने के लिए कहा तो उसने उसके साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# स्मैक के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासनगर कोतवाली पुलिस ने पोंडा रोड पर पुलिया पर एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमता हुआ देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से तीन ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम मोनू पुत्र इलमचंद निवासी शाहपुर कल्याणपुर विकासनगर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय मे पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## सू- दोकू क्र.32

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.31 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# ममता, केजरीवाल क्या करें?

हरिशंकर व्यास

ममता बनर्जी सदमे में हैं। अरविंद केजरीवाल भी परेशान होंगे। कहने को भले उन्होंने कहा हो कि- तुम लोग सावरकर की औलाद हो, जिन्होंने अंग्रेजों से माफी मांगी थी, हम भगत सिंह की औलाद हैं। हमें जेल और फंसी के फंदे से डर नहीं लगता। हम कई बार जेल होकर आ गए हैं। मगर पहले सत्येंद्र जैन और अब मनीष सिसोदिया पर लटकी तलवार ने केजरीवाल को मन ही मन झिंझोड़ा होगा। ममता और केजरीवाल दोनों की ईमानदारी पर जनता में सवाल पैदा कर दिए हैं। ममता बनर्जी का संकट इसलिए बड़ा है क्योंकि सरकार में नंबर दो हैसियत के पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी के घर पर छापे में मिली करोड़ों की नकदी के फेटो और वीडियो को बंगाल के भद्र और गरीब जनता भुला नहीं सकती। खुद ममता बनर्जी को नकदी का अंबार देख कर सांप सूंघ गया होगा। उन्होंने सदमे में चुप्पी धार ली और आखिरकार पार्थ चटर्जी को हटाया।

मैंने ममता बनर्जी को सांप सूंघने का जुमला इसलिए इस्तेमाल किया क्योंकि ममता बनर्जी का चरित्र पैसे का भूखा और भ्रष्टाचार में तर-बतर रहने का नहीं है। कुछ भी हो ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल वैसे बेईमान नहीं हैं, जैसा भारत का आम राजनेता है। मेरा अरविंद केजरीवाल से कोई लगाव नहीं है। उलटे उनके द्वारा बाकी सबको बेईमान बताने की राजनीति के खिलाफ लिखा है। दिल्ली सरकार याकि केजरीवाल और मनीष सिसोदिया से च्नया इंडियाज् को एक पैसे का विज्ञापन नहीं मिला है। बावजूद इसके एनजीओ के वक्त (मैंने ही उन दिनों आरटीआई एक्टिविस्ट केजरीवाल के नाते उनका च्सेंट्रल हॉलज् में पहला इंटरव्यू किया था।) केजरीवाल की तासीर को जो समझा है तो उसमें मानता हूं कि निजी तौर पर वे पैसे की भूखी प्रवृत्ति के नहीं हैं और यहीं बात भविष्य की पूंजी है। मेरी यहीं धारणा ममता बनर्जी को लेकर है। इसलिए दोनों से भविष्य में नरेंद्र मोदी के आगे खम ठोक चुनौती की संभावना थी।

दोनों को मोदी सरकार और उनकी ईडी ने पंक्चर कर दिया है। दोनों पर आगे और गाज गिरेगी। मनीष सिसोदिया ही नहीं, बल्कि उनके दिल्ली, पंजाब के मंत्रियों पर पल-पल की नजर रखी जा रही होगी। ईडी को क्योंकि सुप्रीम कोर्ट से अब पूरी छूट मिल गई है तो सन् २०२४ के लोकसभा चुनाव में जहां-जहां नरेंद्र मोदी को जो-जो चुनावी चुनौती देता हुआ होगा उस पर छापे ही छापे पडने हैं। अगले डेढ़ साल भारत ईडी के छापों का देश होगा और स्टालिन हों या केसीआर या कुमारस्वामी, केरल के लेफ्ट मोर्चे के नेता, पंजाब के मंत्री, हेमंत सोरेन सरकार के लोग या कांग्रेसी नेता और मुख्यमंत्री सभी छापों की बाढ़ में डूबे हुए होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को लाइसेंस दिया है जो वह मोदी सरकार के लिए राजनीतिक ब्रह्मास्त्र के रूप में काम करे।

खैर, यह 75 वर्षों में व्यवस्था और तंत्र के पिंजरे में लोगों को बांधे रखने की हिंदू नियति का सहज विकास है। कोई कुछ नहीं कर सकता। आखिर ईडी को कांग्रेस-यूपीए सरकार ने ही तो इतना ताकतवर बनाया था। बहरहाल, मुद्दा है कि ममता और केजरीवाल क्या करें? यदि दो-चार मंत्रियों पर ईडी की छापेमारी के ठप्पे से कालिख पुत जाए और उस जैसे बहानों पर केंद्र सरकार दिल्ली विधानसभा के कानून को ही खत्म करके केजरीवाल को सडक़ पर ला दे तो वे क्या करेंगे? क्या गुजरात में धरना दे कर गुजरात विधानसभा चुनाव जीते लेंगे? या हरियाणा के अगले विधानसभा चुनाव में जीत कर वहां के मुख्यमंत्री बन जाएंगे? क्या २०२४ तक पंजाब सरकार को बचाए रख सकेंगे? ऐसा अस्तित्व का संकट सन् २०२४ तक ममता बनर्जी पर नहीं होगा। उनके विधायकों के बड़ी संख्या में दलबदल करने याकि उन्हें उद्धव ठाकरे की तरह घर बैठा देने, तृणमूल कांग्रेस को खत्म कर देने जैसी संभावना फिलहाल नहीं लगती है। मगर हां, ममता और उनके विधायक अब सहमे रहने हैं। त्रिपुरा जैसे विधानसभा चुनाव में ममता का मकसद चुनाव जीतना नहीं होगा, बल्कि कांग्रेस-लेफ्ट मोर्चे (यदि बना) के वोट काटने का रहेगा।

# स्मैक सहित एक दबोचा

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। 2025 तक उत्तराखण्ड को ड्रग्स मुक्त करने के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस को कल देर शाम खासी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक नशा तस्कर को दबोच कर उसके पास से 42 ग्राम स्मैक, नगदी व इलेक्ट्रानिक तराजू बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना भगवानपुर पुलिस को सूचना मिली कि कुछ नशा तस्कर क्षेत्र में नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने सभी चैकनाकों पर चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को मण्डावर नेशनल हाईवे आरटीओ चैकपोस्ट पर एक संदिग्ध आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 42 ग्राम स्मैक, इलैक्ट्रानिक तराजू, मोबाइल व 600 रूपये बरामद किये। पूछताछ में उसने अपना नाम साजिद पुत्र शाहिद नि. मोहल्ला आदर्श नगर सिविल लाईन रूडकी हरिद्वार हाल निवासी ब्राह्मणवाला थाना पटेल नगर देहरादून बताया। बताया कि मेरे पास जो स्मैक है यह स्मैक मैं बरेली से नाजिम नाम के व्यक्ति से लाया हूं और मैं इस स्मैक को लेकर रूड़की के रास्ते अभी बस से यहां उतरा हूं यहां स्मैक बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा था और फिर बस पकड़ कर देहरादून जाने वाला था। बहरहाल पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।



# धूमधाम से मनाया गया प्रसिद्ध अंढूड़ी उत्सव

कार्यालय संवाददाता

उत्तरकाशी । उच्च हिमालयी क्षेत्र में समुद्रतल से 11 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित दयारा बुग्याल में प्रसिद्ध अंढूड़ी उत्सव बटर फेस्टिवल को धूमधाम से मनाया गया। मेले का शुभारंभ गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने किया। मेलार्थियों ने प्रकृति की पूजा के साथ इस खास उत्सव में भाग लेकर मखमली घास में मक्खन व मट्ठे की होली खेली और इन लम्हों को स्मृतियों में कैद कर सदा के लिए यादगार बना दिया। मेले का लुत्फ लेने विभिन्न स्थानों से दयारा पहुंचे पर्यटकों का उत्साह भी देखते ही बनता था।

जिला मुख्यालय उत्तरकाशी से 42 किलोमीटर की सड़क दूरी और भटवाड़ी ब्लाक के रैथल गांव से छह किलोमीटर की पैदल दूरी पर 28 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले दयारा बुग्याल में पीढियों से



भाद्रपद संक्रांति के दिन अंढूड़ी उत्सव मनाने की परंपरा चली आ रही है। इस बार उत्सव का उद्घाटन के लिए गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने किया। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष रमेश चौहान, पुलिस अधीक्षक अर्पण अधुवंशी, एसडीएम चतर चौहान, एडीएम तीर्थपाल सिंह सहित सहित ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने पहुचना था लेकिन मौसम खराब होने के चलते नही आ पाए। जसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने सोशल मीडिया के माध्यम क्षेत्र वासियों को बधाई दी।

## महिला से छेड़छाड़ में एक नामजद

संवाददाता

देहरादून। महिला से छेडछाड करने व उसका पीछा करने के मामले में पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहित नगर निवासी महिला ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने बच्चे को ट्यूशन छोडने जा रही थी तभी रास्ते में क्षेत्र का ही बलजिन्दर उर्फ प्रिंस उसको मिला तथा उसने उसका हाथ पकड कर उसके साथ छेडछाड करनी शुरू कर दी। किसी तरह से उससे हाथ छुडाकर वह वापस घर आ गयी लेकिन उसके बाद से प्रिंस उसका लगातार पीछा कर रहा है।

# तीन ट्रक चोर गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने तीन ट्रक चोरों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस नुन्हावाला भानियावाला निवासी सतवीर सिंह ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि उसने अपना ट्रक घर के बाहर खडा किया था लेकिन जब आज सुबह वह उठा तो उसने देखा कि उसका ट्रक अपने स्थान से गायब है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो ट्रक हरिद्वार की तरफ जाता दिखायी दिया। जिसके बाद डोईवाला कोतवाल ने एक टीम का गठन किया। गठित टीम के द्वारा हरिद्वार के मुख्य चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे। जिसके चलते पुलिस टीम ने आज रूडकी के लढौरा क्षेत्र से ट्रक बरामद कर लिया और ट्रक चोरी में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस तीनों के अपराधिक इतिहार खंगाल रही है। पुलिस ने तीनों को न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# बीएस नेगी महिला पोलिटेक्निक में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




नगर संवाददाता

देहरादून। बी.एस. नेगी महिला पोलिटेक्निक मे ं स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान झण्डारोहण कार्यक्रम हुआ तत्पश्चात अम्बेडकर स्टेडियम ओएनजीसी में में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व की भांति बी. एस. नेगी महिला पोलिटेक्निक की छात्राओं ने भागीदारी की।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान की छात्राओं ने परेड मे ं हिस्सा लिया और 'सेकेन्ड बेस्ट मार्चिंग कन्टेन्जेंट' की ट्राफी जीत कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर संस्थान के अधयक्ष हर्षमणि व्यास ने छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए उनके प्रयास की सराहना की। इस कार्यक्रम में संस्थान की शिक्षिकाएं पूनम भंडारी तथा संध्या लिम्बू भी उपस्थित रही।

## घर पहुंचा शहीद का पार्थिव शरीर, सीएम..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

श्रीनगर से भारतीय जवानों की कम्पनी पैदल सियाचिन निकली थी। इस लड़ाई में प्रमुख भूमिका 19 कुमांऊ रेजीमेंट ने निभाई थी। चन्द्रशेखर हरबोला 19 कुमांऊ रेजिमेंट ब्रावो कम्पनी में थे और लेफ्टिनेंट पीएस पुंडीर के साथ 16 जवान हल्द्वानी के ही नायाब सूबेदार मोहन सिंह की आगे की पोस्ट पर कब्जा कर चुकी टीम को मजबूती प्रदान करने जा रहे थे। 29 मई 1984 की सुबह चार बजे आये एवलांच यानी हिमस्खलन में पूरी कम्पनी बर्फ के नीचे दब गयी। जिनमें से अब तक 14 शहीदों के ही पार्थिव शरीर अब तक मिल पाये है। इस लड़ाई में भारतीय सेना ने सियाचिन के ग्योगला ग्लेशियर पर कब्जा किया था।

# बाइक चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। बाइक चोरी के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गयी बाइक मेरठ से बरामद की है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज महताब पुत्र जान मोहम्मद ग्राम इमली खेड़ा द्वारा थाना भगवानपुर में तहरीर देकर बताया गया कि आरआईटी कॉलेज के सामने उत्तराखंड फर्नीचर हाउस की दुकान है और मैं वहां पर काम करता हूं मेरी बाइक जो 15 अगस्त को दुकान के पास खड़ी थी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चुरा ली गयी है। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी। चोरों की तलाश में जुटी पुलिस को कल देर शाम सूचना मिली कि जिन लोगों ने 15 अगस्त को आरआईटी कालेज के सामने से बाइक चुरायी थी वह दोनो लोग पुहाना अड्डे पर खडे हैं



तथा कहीं जाने की फिराक मे है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये स्थान पर दबिश देकर संतोष उर्फ सैन्डी पुत्र दिलबहादुर निवासी भागापुर तहसील मेरठ व सुरज कुमार पुत्र ललीत कुमार निवासी मुजफ्फरनगर को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उन्होने बताया कि हम दोनो रिश्तेदार है तथा लेबर व फास्ट फूड का काम करते है जिससे हमारा खर्चा पूरा नही होता है। इस पर हम लोगों ने बाइक चोरी की योजना बनायी और 15 अगस्त को आरटीआई कालेज के सामने फर्नीचर की दुकान के बगल से उक्त बाइक चुरा ली। जिस बाइक को हमने अपनी बहन के घर सेफपुर फिरोजपुर मेरठ में खड़ा कर दिया है। जिनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गयी बाइक भी बरामद कर ली है। जिन्हे आज न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



## एक नजर

# बिहार में बाहुबली नेता ने कोर्ट के वारंट को अनदेखा करते हुए ली मंत्री पद की शपथ !

नई दिल्ली। बिहार की नीतीश कैबिनेट का मंगलवार को विस्तार हुआ और आज बुधवार को वह विवादों में आ गई। कार्तिकेय सिंह को राजद कोटे से मंत्री बनाया गया है। बुधवार को कार्तिकेय सिंह जिस समय मंत्री पद की शपथ ले रहे थे उस समय उन्हें अपहरण के मामले में कोर्ट में सरेंडर करना था लेकिन बाहुबली नेता के रूप में पहचान रखने वाले कार्तिकेय कोर्ट के वारंट को अनदेखा करते हुए मंत्री पद की शपथ ली। चुनाव में उन्होंने जद-यू के उम्मीदवार को हराया था। कार्तिकेय को बाहुबली नेता अनंत सिंह का बेहद करीबी माना जाता है। समझा जाता है कि राजद के दबाव के आगे उन्हें मंत्रिमंडल में जगह मिली है। कार्तिकेय सिंह 2014 के अपहरण के मामले में फरारश हैं। अपहरण के मामले में उन्हें भी आरोपी बनाया गया है। आठ साल पुराने इस केस में कोर्ट ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया है। इस केस में उन्हें 16 अगस्त यानि मंगलवार कोर्ट में सरेंडर करना था लेकिन वह अदालत में पेश नहीं हुए। कार्तिकेय सिंह पर सुशील मोदी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार ने अपने मंत्रिमंडल में बाहुबलियों की भरमार कर दी है। कार्तिकेय सिंह को बाहुबली अनंत सिंह का दाहिना हाथ माना जाता है। इन्हीं जैसे लोगों की वजह से लालू राज बदनाम हुआ था। उन्होंने कहा, मैं कार्तिकेय सिंह को कैबिनेट से बाहर करने की मांग करता हूं।



# मां ने अपने तीन मासूम बच्चों को दिया जहर

गाजीपुर। वहीं गाजीपुर के सुहवल थाना क्षेत्र के भानमल राय पट्टी में एक कलयुगी मां ने पारिवारिक कलह के गुस्से में अपने तीन मासूम बच्चों को जहर दे दिया, जिससे दो बेटों की अस्पताल पहुंचते-पहुंचते मौत हो गयी जबकि एक बेटी सीरियस थी, जिसे वाराणसी रेफर किया गया, जिसकी देर रात में मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि सुनीता ने पति बालेश्वर यादव के साथ पारिवारिक कलह के कारण अपने तीन बच्चों को जहर (एल्यूमीनियम फॉस्फाइड) दे दिया। एसपी गाजीपुर ने बीती देर रात घटना की पुष्टि करते हुए दोषी मां को पुलिस हिरासत में लेकर कानूनी करवाई की बात कही है। बता दें कि 15 अगस्त को 3.00 बजे ग्राम ढढनी भानमल राय थाना सुहवल जनपद गाजीपुर की रहने वाली महिला सुनीता यादव ने अपने बच्चों जहर दे दिया। फिलहाल दोषी मां सुनीता यादव को पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है।




# 1100 रोहिंग्या शरणार्थियों को 250 सरकारी आवासों में शिफ्ट किया जाएगा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रह रहे रोहिंग्या शरणार्थियों को जल्द ही 250 सरकारी आवासों में शिफ्ट किया जाएगा। इन आवासों में कुल 1100 शरणार्थियों के रहने की व्यवस्था होगी। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि रोहिंग्या शरणार्थियों को दिल्ली के बक्करवाला इलाके में ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में शिफ्ट कर दिया जाएगा। उन्हें मूलभूत सुविधाएं, यूएनएचसीआर आईडी और दिल्ली पुलिस से चौबीसों घंटे सुरक्षा प्रदान की जाएगी। हरदीप सिंह पुरी ने इसके साथ ही कहा, 'भारत ने हमेशा उन लोगों का स्वागत किया है, जिन्होंने देश में शरण मांगी है। जिन लोगों ने भारत की शरणार्थी नीति को जानबूझकर सीएए से जोड़ने का अफवाह फैलाकर करियर बनाया, वे इससे निराश होंगे। भारत यूएन शरणार्थी सम्मेलन 1951 का सम्मान और अनुसरण करता है और सभी को उनकी जाति, धर्म या पंथ की परवाह किए बिना शरण प्रदान करता है।' दिल्ली के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुए बैठक में यह निर्णय लिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, मदनपुर खादर में रह रहे 1100 रोहिंग्या लोगों को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् द्वारा बक्करवाल गांव में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए बनाए गए 250 फ्लैट्स में शिफ्ट किया जाएगा।



# भाजपा ने किया नए संसदीय बोर्ड व चुनाव समिति का गठन




नई दिल्ली (सं)। भारतीय जनता पार्टी यानि बीजेपी ने बुधवार को अपने नए संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति का गठन कर दिया है। बीजेपी के इस संसदीय बोर्ड में कुल 11 नेताओं को जगह दी गई है। इसके साथ ही संसदीय बोर्ड में बीजेपी के तीन नए चेहरों को भी जगह दी गई है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को संसदीय बोर्ड से बाहर का रास्ता दिखाया गया है।

बीजेपी संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष जेपी नड्डा हैं। बीजेपी के संसदीय बोर्ड में जिन

**नितिन गडकरी व शिवराज सिंह चौहान भाजपा संसदीय बोर्ड से बाहर**

तीन नए चेहरों को जगह दी गई है उनमें कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा, के लक्ष्मण और सर्बानंद सोनोवाल शामिल हैं। इनके अलावा नए संसदीय बोर्ड में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, सत्यनारायण जटिया और बीएल संतोष शामिल है। बीएल संतोष को संसदीय बोर्ड का सचिव नियुक्त किया गया है।

संसदीय बोर्ड के अलावा बीजेपी ने चुनाव समिति का गठन भी किया है। इसमें 15 नेताओं को शामिल किया गया है। इसके अध्यक्ष जेपी नड्डा हैं। उनके अलावा इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह, अमित शाह, बीएस येदियुरप्पा, सर्वानंद सोनोवाल, के लक्ष्मण, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, सत्यनारायण जटिया, भूपेंद्र यादव, देवेंद्र फडणवीस, ओम माथुर, बीएल संतोष और वनथी श्रीनिवास इसमें शामिल हैं।

# तिरंगे का अपमान करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। राष्ट्रीय ध्वज से मछलियों को ढकने के मामले में पुलिस द्वारा आरोपी मछली विक्रेता को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला रूड़की कोतवाली क्षेत्र के मछली बाजार का है। दरअसल, आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी के जश्न को अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया। जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की। तिरंगा सिर्फ घरों में नहीं लगाया गया, बल्कि लोगों ने अपने वाहनों से लेकर विभिन्न स्थानों पर भी राष्ट्रीय ध्वज लगाये। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के अपमान की एक तस्वीर रूडकी कोतवाली क्षेत्र से सामने आई, जहां एक मछली विक्रेता द्वारा तिरंगे से मछलियों के बर्तन को ढक दिया गया था। इस घटना की तस्वीरें वायरल हुई और मामला पुलिस तक जा पहुंचा। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और पुलिस ने आरोपी के खिलाफ राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी अनवर पुत्र नूर हसन (65) ने राष्ट्रीय ध्वज में मछलियां लपेटकर तिरंगे का अपमान किया था। जिसे सम्बंधित धराओं में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। आदर्श शिवाजी नगर रुड़की निवासी दिग्पाल सिंह पुत्र गबर सिंह ने बीते रोज तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गयी थी।



# तीन नाबालिगों के अपहरण पर आयोग सख्त


संवाददाता

देहरादून। तीन नाबालिगो के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में महिला आयोग ने सख्ती दिखायी। नाबालिगों से मिल पुलिस को आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने व नाबालिग व उसके परिवार की सुरक्षा के निर्देश दिये।

आज यहां रानीपोखरी निवासी नाबालिग लड़कीयों के अपहरण और दुष्कर्म के मामले के जानकारी में आते ही महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती कुसुम कण्डवाल ने इस प्रकरण पर संज्ञान लेते हुए तत्काल एसपी देहात से बात की और मामले में शीघ्रता से कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए थे। तीनों बच्चियों महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती कुसुम कण्डवाल स्वयं उनसे मिलने रानीपोखरी थाने पहुंची और बच्चियों से मिलकर हाल जाना।

मौके पर सीओ डोईवाला व एसएचओ रानीपोखरी से घटना की जानकारी ली। आयोग अध्यक्षा ने कहा कि इस प्रकार के मामले का होना अत्यधिक चिंता का विषय है और यह घटना इस क्षेत्र को शर्मसार करने वाली है। आयोग की अध्यक्षा ने तीनों नाबालिगों के मेडिकल रिपोर्ट की जानकारी ली और सीओ व एसएचओ रानीपोखरी द्वारा बताया गया कि मामले को प्राथमिकता से लेते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को कल व एक को आज गिरफ्तार कर लिया है। सीओ डोईवाला अनिल शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भी भेज दिया गया है और एक को आज पेशी के बाद जेल भेजा जाएगा। साथ ही आज तीनों बच्चियों के 164 के बयान होने हैं। अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल को उनके परिजनों से भी बातचीत की जानकारी के मुताबिक पता चला कि 2 बहने है और एक अपनी रिश्तेदार के साथ रहती है। महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती कुसुम कण्डवाल ने निर्देश देते हुआ कहा कि

**❑पुलिस को आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही के दिए निर्देश**



दोषी किसी भी प्रकार से छूटने ना पायें व तहरीर देने वाली महिला और पीड़ित बालिकाओं की सुरक्षा का भी पुलिस पूर्णरूप से ध्यान रखे। साथ ही उन्होंने 1 सप्ताह के भीतर इस मामले की जांच कर रिपोर्ट आयोग को भेजने के भी निर्देश दिए।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*